भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †79
सोमवार, 18 जुलाई, 2022/27 आषाढ़, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विरासत परिपथ में बरपेटा सतरा को शामिल करना

†79. श्री अब्दुल खालेकः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास सतरा नगरी बरपेटा को बढ़ावा देने की कोई योजना है;

(ख) क्या सरकार का स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत बरपेटा सतरा को विरासत परिपथ में शामिल करने की मांग पर विचार करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो इसे कब तक किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय देश के पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के समग्र रूप से संवर्धन के लिए अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करता है । इसमें 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के अंतर्गत मीडिया अभियान जारी करना, संवर्धनात्मक आयोजन, सोशल मीडिया संवर्धन आदि शामिल हैं । पर्यटन मंत्रालय अपनी वेबसाइट www.incredibleindia.org के जरिए बरपेटा का संवर्धन कर रहा है ।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण के साथ स्थायी एवं जिम्मेदार गंतव्यों के विकास हेतु स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में अपनी स्वदेश दर्शन योजना को अब नया रूप दिया है और एसडी 2.0 योजना के दिशानिर्देशों को साझा किया है ।

पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इस योजना के तहत परियोजनाओं को राज्य सरकारों द्वारा उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों की उपयोगिता आदि की शर्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

असम की राज्य सरकार ने एसडी 2.0 योजना के संशोधित दिशानिर्देशों के तहत बरपेटा सतरा में पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है ।

*****